दिल की बातें करेंगे

आओगे जब तुम ओ सांवरा,
दिल की बातें करेंगे
कुछ तुम कहोगे कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे
आओगे जब तुम.........

जो बातें अब तक ना कह पाए,
वो बातें सब तुमसे कहनी है
तुम जो मिलोगे तो चैन आये,
दिल में बड़ी बेचैनी है
आँखों से ही आँखें मेरी सब कह देंगी,
कुछ तुम कहोगे कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे
आओगे जब तुम......

बिन तेरे ओ खाटूवाले ये ज़िंदगानी अधूरी है,
पूरी हो ये ज़िंदगानी तो मिलना तुम्हारा ज़रूरी है,
तू सामने बैठा रहे गोलू कहे
कुछ तुम सुनोगे कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे
आओगे जब तुम.........

दिल के झरोखो सांवरिया एक टूक तुम्हे ही निहारेंगे,
करने तेरी खातिरदारी चरणों में हम बिछ जाएंगे,
वो सुहाना समा होगा खुशनुमा
कुछ तुम कहोगे कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे
आओगे जब तुम ओ सांवरा,
दिल की बातें करेंगे
कुछ तुम कहोगे कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23118/title/dil-ki-baat-karenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |